हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 1 जुलाई 2025

11 24 घंटे से हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त...



12 ज्ञान जीवन का आधार है, बिना शिक्षा के मनुष्य का...











### विडंबना : लगातार बारिश के चलते कमरे में आई सीलन, फर्श पर कीचड़ जमा

# एक कमरे में पांच कक्षाएं, बारिश में घुस रहा पानी मोतीपानी के बच्चे झोपड़ी में भविष्य गढ़ने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

बेहतर शिक्षा व्यवस्था के तमाम दावों की पोल खुल रही है। जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में आजादी के 77 वर्षों बाद भी इस रत्नांचल क्षेत्र के बच्चों को पढ़ाई करने के लिए शासन प्रशासन द्वारा एक स्कूल भवन तक उपलब्ध नहीं कराया जा सका है जिसके कारण आज भी मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में झोपड़ी के भीतर शासकीय प्राथमिक शाला का संचालन किया जा रहा है और लगातार बारिश से झोपड़ी के भीतर पानी भर रहा है बच्चों को बैठने में भारी परेशानी हो रही है क्योंकि जमीन में बारिश के चलते सीलन आ गई है और कमरे के भीतर कीचड़ हो गया है बावजूद इसके बच्चे मजबूरन पढ़ाई कर रहे है तहसील मुख्यालय मैनपुर से 35 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत भुतबेड़ा के आश्रित ग्राम मोतीपानी में आज से 25 वर्ष पहले शासन ने शासकीय प्राथमिक शाला प्रारंभ किया है और वर्तमान में इस स्कूल में 40 छात्र-छात्राएं अध्यनरत है। इन बच्चों को पढ़ाने के लिए दो शिक्षक की व्यवस्था किया गया है स्कूल भवन के अभाव में झोपड़ी के एक कमरे में कक्षा पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी और पांचवी पांच कक्षाए संचालित हो रही है कई बार संबंधित विभाग के स्थानीय अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया जा चूका है लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है।





#### अतिरिक्त कमरा का निर्माण दो वर्षों से अधूरा

ग्राम मोतीपानी में लाखों रूपये अतिरिक्त कमरा निर्माण के लिए स्वीकृत किया गया है, इसे कौन निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य किया जा रहा है, कोई ग्रामीणों को पता नहीं है, निर्माण कार्य बहुत धीमा गति से चल रहा है। पिछले दो वर्षों में स्कूल भवन का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ ग्रामीण जब भी इस समस्या के संबंध में शिक्षा विभाग ज्ञापन सौपने आते है उन्हे आश्वासन दिया जाता है कि जल्द भवन निर्माण पूरा किया जायेगा। लेकिन ग्रामीणों के वापस गांव लौटने के बाद इस ओर संबंधित विभाग द्वारा भूल जाने के कारण इसका खमियाजा आदिवासी क्षेत्र के छोटे-छोटे बच्चों को भुगतना पड़ रहा है भवन निर्माण कार्य क्यों समय पर पूरा नहीं किया जा रहा है यह एक बड़ा सवाल है इस ओर क्यों संबंधित विभाग ध्यान नहीं देता समझ से परे है।

#### दीवारों में पड़ी बड़ी-बड़ी दरारें

इस सबंध में ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 24-25 वर्ष पहले मोतीपानी में शासकीय प्राथमिक शाला प्रारंभ किया गया है और 15 वर्ष पहले यहां लगभग 5 लाख 35 हजार रुपए के लागत से स्कूल भवन का निर्माण भी किया गया था, लेकिन स्कूल भवन पूरी तरह जर्जर हो गया है, स्कूल भवन के भीतर छत से बड़े-बड़े प्लास्टर के टुकडे गिर रहा हैं, दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारे आ गई हैं जिसके कारण इस जर्जर स्कूल भवन में कक्षा संचालित करना किसी खतरे से कम नहीं था जिसके कारण ग्रामीणों ने अपने स्वंय के पैसे से तीन चार वर्ष पहले एक कमरे का झोपडीनुमा स्कूल का निर्माण किया है और इस स्कूल में पिछले तीन-चार वर्षों से शासकीय प्राथमिक शाला का संचालन किया जा रहा है, ऐसा नहीं कि इसकी जानकारी स्थानीय अधिकारियों को न हो स्थानीय अधिकारी कई बार स्कूल का निरीक्षण कर चुके है लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है और आदिवासी क्षेत्र के बच्चे अपने सुनहरे भविष्य इस झोपड़ी के भीतर गढ़ने मजबूर हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### तौरेंगा उपस्वास्थ्य केंद्र में लगा रहता है ताला



**मैनपुर।** विकासखंड मुख्यालय मैनपुर से लगभग 22 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राज्य मार्ग 130 पर बसा ग्राम तौरेंगा के उप स्वास्थ्य केंद्र में ताला जड़ा रहता है। यहां उप स्वास्थ्य केंद्र में विभागीय कर्मचारी के लिए आवास की भी व्यवस्था की गई है, लेकिन यहां स्वास्थ्य कर्मचारी नहीं रहते हैं। बरसात के मौसम में वनांचल क्षेत्र के ग्रामों में निवासरत ग्रामीणों को मौसमी बीमारी, सर्दी खांसी, जुकाम, बुखार, मलेरिया सहित अन्य बीमारियों का भी खतरा बना रहता है। ऐसे में उप स्वास्थ्य केंद्र में नियमित स्वास्थ्य कर्मी के न होने से स्थानीय ग्रामीणों को मैनपुर देवभोग व उड़ीसा के निजी डॉक्टर के ऊपर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे उन्हें इलाज में मोटी रकम भी जवान पड़ती है। स्वास्थ्य विभाग को चिंतन करने की जरूरत है। यह ग्रामीणों से कैसा गैर जिम्मेदाराना रवैया है समझ से परे लगता है। यहां के ग्रामीणों ने स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार करने की मांग की है।

### मां शीतला का जुड़वास 3 को

**नवापारा-राजिम।** बाबा हरदेवलाल मां शीतला नगर सेवा समिति एवं समस्त नगरवासियों के तत्वावधान में 3 जुलाई शनिवार को मां शीतला जुड़वास कार्यक्रम के तहत शीतला मंदिर में शोभायात्रा निकाली जाएगी जो मां काली मंदिर,बस स्टेण्ड,सदर रोड, बाबा हरदेव लाल मंदिर गंज रोड होते हुए गायत्री मंदिर से शीतला मंदिर पहुंचेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष पुरन साहू, महेश निषाद ,बिसाहू साहू, डेहरू साहू ,ईश्वर साहू, शिवदयाल, सेवा समिति के अध्यक्ष पुनारद साहू, रूपेंद्र चंद्राकार लगे हुए है। बताया गया है कि इस अवसर पर जसगीत सम्राट दुकालु यादव का रोड शो जसगीत गायन कार्यक्रम होगा।

# रायपुर-गरियाबंद हाईवे पर 35 मिनट का जाम, यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम



रायपुर-गरियाबंद हाइवे 130 में सोमवार की शाम 35 मिनट का जाम मेन रोड बस स्टेण्ड में लग गया। इससे लोग बेहाल हो गए। इस जाम में करीब सौ से अधिक कार, बस, मिनी बस, मिनीडोर, ट्रेक्टर, हाइवा जैसे बड़ी वाहने भी फंसी रही। बता दें कि शहर के मेन रोड से रेल की पटरी गई है। नया स्टेशन बनकर तैयार है जिसके निरीक्षण के लिए बिलासपुर डिवीजन से सीईओ शहर पहुंचे थे। इस दौरान नए ट्रेक में रेल का ट्रायल भी होना था लिहाजा शाम 5:30 बजे बेरियर डाऊन किया गया। अचानक डाऊन होने से रेल पटरी के दोनो साइड गाड़ियों का अंबार लग गया। करीब 6:05 बजे बेरियर को उठाया गया तब तक मेन रोड की 2 किमी सड़क जाम रही। इस जाम में देवभोग-गरियाबंद जैसे लंबे रूट की ▸▸ शेष पेज 10 पर

### अवैध ईंट परिवहन में लगा ट्रैक्टर पलटा, चालक गंभीर रूप से घायल

**मैनपुर।** जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र अन्तर्गत अमलीपदर इलाके से एक बड़ी लापरवाही की खबर सामने आई है। अवैध रूप से ईंट ले जा रहा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। आए दिनो इस तरह के घटनाएं बढ़ती जा रही है मिली जानकारी के अनुसार ट्रेक्टर में ईट भरकर लाया जा रहा था और तेज रफ्तार ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। बताया जा रहा है कि ये ईंटें प्रधानमंत्री आवास योजना समेत अन्य सरकारी निर्माण कार्यों के लिए ले जाई जा रही थीं। स्थानीय लोगों के अनुसार, कोकड़ीमाल की नदी किनारे लाखो की संख्या ईंटें पहले ही तैयार की जा चुकी हैं, जिसके लिए पेड़ों की बड़े पैमाने पर कटाई कर उन्हें जलाया गया। सरकारी आवासों में लाल ईंटों का इस्तेमाल प्रशासन की चुप्पी पर सवाल



चौंकाने वाली बात ये है कि जिन ईंटों पर प्रतिबंध है, वही ईंटें सरकारी योजनाओं में उपयोग हो रही हैं। इससे न सिर्फ पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, बल्कि सरकारी तंत्र की विफलता भी उजागर हो रही है।

### विधायक साहू के प्रयास से फिंगेश्वर अस्पताल में हुआ सिजेरियन प्रसव आपरेशन प्रारंभ


# सिजेरियन सुविधा शुरू, अब नहीं जाना प्राइवेट अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

- प्रथम प्रसव नगर के वार्ड 15 गदहीडीह की महिला का हुआ प्रसव
- अब होगा प्रसव के साथ नसबंदी का कार्य

फिंगेश्वर के स्वास्थ्य इतिहास में 30 जून को स्वर्णाक्षरों में दर्ज हो गया, जब विधायक रोहित साहू के अथक प्रयासों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिंगेश्वर में सिजेरियन ऑपरेशन (सी-सेक्शन) की सुविधा का औपचारिक शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर निर्मला ध्रुव, पति जागेश्वर ध्रुव, निवासी ग्राम गदहीडीह (वार्ड क्रमांक 15) का सफल सिजेरियन प्रसव कराकर इस ऐतिहासिक पहल की शुरुआत की गई। साथ ही उनका महिला नसबंदी ऑपरेशन भी किया गया। विधायक ने ऑपरेशन थियेटर (ओटी) कक्ष का शुभारंभ करते हुए जच्चा-बच्चा से मुलाकातकी, उनका कुशलक्षेम जाना और उन्हें उपहार भी प्रदान किया। उन्होंने इसे अंचल के लिए एक मील का पत्थर बताते हुए कहा की अब क्षेत्र की गर्भवती माताओं को सिजेरियन डिलिवरी के लिए निजी अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इससे समय और पैसे दोनों की बचत होगी तथा रिफर सेंटरों पर निर्भरता भी घटेगी।





**चिकित्सा टीम का उत्कृष्ट योगदान-** इस सफल ऑपरेशन हेतु संपूर्ण अस्पताल टीम की भूमिका सराहनीय रही। विशेष सहयोग देने वाले चिकित्सा एवं सहायक कर्मचारी में डॉ. सोमी चन्द्राकर स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. राजेन्द्र चौधरी निश्चेतना विशेषज्ञ, डॉ. ▸▸ शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप



### दक्षिणा फाउंडेशन परीक्षा में एकलव्य विद्यालय के दो छात्रों का चयन

**गरियाबंद।** दक्षिणा फाउंडेशन द्वारा आयोजित अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षा में जिले के दो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों भावना ध्रुव एकलव्य आवासीय विद्यालय कोसमबुड़ा एवं बाबूलाल कुंजाम एकलव्य आवासीय विद्यालय देहारगुड़ा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। दोनों बच्चों का चयन कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए हुआ है। दक्षिणा फाउंडेशन भोपाल में जनजातीय मामलों के मंत्रालय के सहयोग से संचालित संस्था है। इसका उद्देश्य प्रतिभाशाली और गरीब बच्चों को आईआईटी और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए राष्ट्रीय स्तर की कोचिंग प्रदान करता है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के उपलक्ष्य में कलेक्टर श्री बी.एस. उइके ने आज दोनों विद्यार्थियों से मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री अरविंद पाण्डेय, श्री प्रकाश राजपूत, श्री नवीन भगत सहित प्राचार्य कोसमबुड़ा एवं प्राचार्य देहारगुड़ा भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री उइके ने विद्यार्थियों की सफलता पर गर्व करते हुए उन्हें भविष्य में और ऊँचाइयों को छूने के लिए शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल उनके लिए बल्कि पूरे जिले के लिए गौरव की बात है। यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है, जो यह सिद्ध करती है कि समर्पण और मेहनत से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

### पाण्डुका में हर्सोल्लास से मनाया शाला प्रवेशोत्सव



**पाण्डुका।** समीपस्थ ग्राम पाण्डुका के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाण्डुका में सत्र 2025-26 के नवप्रवेशी बच्चों को धूमधाम से शाला में प्रवेश दिलाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी शामिल हुए तथा कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती की पूजा, वंदना करके किया गया। अतिथियों के स्वागत पश्चात सभी नवप्रवेशी बच्चों को अतिथियों द्वारा माला पहनाकर एवं तिलक लगाकर मिठाई खिलाया गया, तथा बच्चों को पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति ने अपने उद्बोधन में छात्र- छात्राओं को शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा अनुशासन का प्रचय देकर नियमित शाला आने की बात कही। वहीं कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के मेघावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में इस अवसर पर प्राचार्य युवराज साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नागेन्द्र साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रीतम सिन्हा, जनपद सभापति कंचन देवांगन, सरपंच सुश्री भानु ध्रुव, पूर्व महामंत्री चंदन साहू, सोहन साहू, जवाहर शर्मा, गौतम शर्मा, रूपसिंह सिन्हा, केसव साहू, तिजेन्द्र घोघरे, सीमा साहू, आशीष साहू, सुनील वर्मा, पुरूषोत्तम वर्मा, कार्यक्रम का संचालन रोशन ध्रुव सहित गणमान्य नागरिक, स्कूल के समस्त स्टाप और पालकगण एवं छात्र - छात्राएं उपस्थित थे।

### युवक से चार लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** नगर के मौहारीभांठा में एक युवक के साथ चार लोगों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट सिटी कोतवाली में दर्ज कराई गई है। पुलिस को प्रेम पटेल वार्ड नंबर 28 मौहारीभाठा ने बताया कि 29 जून की दोपहर 1:30 बजे 2 बजे के बीच वह घर के सामने में था, उसी समय कृष्णकांत, निखिल साव, बंटी चौहान, डोमेन चारों लड़के गाली गलौज कर वहां आए। जो हाथ में चाकू, डंडा रखे थे।

---

**विडंबना : सरपंच और सचिव को नहीं मालूम असली आवास मित्र कौन है?**

# पीएम आवास योजना में फर्जीवाड़ा उजागर, छुरा ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में गड़बड़ियों का अंबार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पाण्डुका

विकासखंड छुरा की अधिकांश ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लगातार गंभीर अनियमितताओं और फर्जीवाड़े की शिकायतें सामने आ रही हैं। इन गड़बड़ियों को लेकर समाचार पत्रों में लगातार खबरें प्रकाशित हो रही हैं, फिर भी जनपद पंचायत छुरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा अब तक किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्राम पंचायत बोडराबांधा में खुलासा हुआ कि आवास मित्र की आईडी का इस्तेमाल एक बाहरी व्यक्ति द्वारा किया जा रहा है। जब हितग्राहियों से जानकारी ली गई, तो उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत रजनकटा का नीलमणि यादव फोटो खींचकर जिओ ट्रैकिंग कर रहा था, जबकि उक्त ग्राम में उसकी नियुक्ति नहीं है। आश्चर्य की बात यह है कि वर्तमान में तुषार चक्रधारी नामक युवक को **आवास मित्र के रूप में जिला प्रशासन से अधिकृत किया गया है। स्वयं तुषार ने बताया की मैंने एक माह पूर्व जॉइन किया है, पूर्व में कोई लड़की काम कर रही थी। अभी मैं नीलमणि यादव से ट्रेनिंग ले रहा हूं। जबकि स्थानीय सचिव और सरपंच को भी इस संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं है। सरपंच देव कुमार दीवान ने बताया कि मुझे किसी तुषार का कॉल आया था, लेकिन पूर्व में रजनकटा के नीलमणि यादव ही यह कार्य कर रहे थे। रोजगार सहायक लोकेंद्र श्रीवास ने भी पुष्टि की कि मैं स्वयं नीलमणि यादव के साथ जिओ ट्रैकिंग में गया था।

- बोडराबांधा में सामने आया फर्जी आईडी से काम करने का मामला

**जनता की मांग**

- सभी फर्जी आईडी और कार्यरत कर्मचारियों की स्वतंत्र जांच हो।
- दोषियों पर एफआईआर और सेवा समाप्ति जैसी कड़ी कार्यवाही की जाए
- जनपद पंचायत स्तर पर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय हो
- हितग्राहियों को सीधे लाभ और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए

**नियमों की अनदेखी और भ्रष्टाचार का बोलबाला**




- इन घटनाओं से यह स्पष्ट होता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में नियमों की खुलेआम अनदेखी, फर्जी आईडी का उपयोग और स्थानीय अधिकारियों की मिलीभगत से गरीब हितग्राहियों के साथ गंभीर धोखा हो रहा है। आवास समन्वयक, तकनीकी सहायक, सचिव, रोजगार सहायक और आवास मित्रों की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं जनपद सीईओ छुरा की निष्क्रियता को लेकर जनता में रोष व्याप्त है। कार्रवाई न होने से लोगों में यह धारणा बन रही है कि या तो अधिकारी कमजोर हैं, या फिर भ्रष्टाचार में सहभागी।

प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों के लिए पक्के घर का सपना है, लेकिन जब यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाए तो यह केवल आंकड़ों का खेल बनकर रह जाती है। समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो शासन की योजनाओं पर जनता का विश्वास उठना तय है।

---

## बारिश शुरू होते ही मैनपुर बाजार में फुटू की मांग बढ़ी भाव पहुंचे आसमान में

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर



बारिश के मौसम में जंगली फुटू की आवक मैनपुर नगर व क्षेत्र में बढ गई है शुरूआती दिनों में इसकी कीमती बहुत ज्यादा है, भिंभोरा फुटू, पैरा फुटू, मजरमांडी का जायका लोगो को खुब भा रहा है लोग इसे बडे चाव से सेवन करते है, बारिश के मौसम में जंगली में इसकी पैदावार शुरू होती है, वनांचल क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीण जंगल में सुबह फुटू संग्रहण करने जाते है और इसे बडा सावधानी पूर्वक संग्रहण कर बाजार तक लाया जाता है, ज्ञात हो कि कई प्रकार के फुटू मशरूम जहरीले भी होते है इसलिए इसकी पहचान बहुत जरूरी है और खासकर इसे ग्रामीण ईलाके के लोग पहचान कर ही सही और अच्छे फुटू की बिक्री करने बाजार तक ला रहे है। विकासखण्ड मैनपुर के वनांचल क्षेत्रे में इन दिनों जंगली मशरूम (फुटू ) की बहार छाई हुई है इन दिनों जंगल क्षेत्रें में पान फूटू बड़ी मात्र में निकलने लगा है ग्रामीणों के द्वारा झोला भर–भर के फूटू को ला रहे हैं, ज्ञात हो कि जंगलों में निवास करने वाले मूल निवासियों के लिए प्रकृति के द्वारा मौसम अनुकूल खाने पीने की नैसर्गिक उत्पादन जंगलों से हो जाता है, गिरे पड़े पत्तों के द्वारा जमीन से पान फूटू पैदा होता है, जिसे अमचूर के साथ सब्जी तैयार किया जाता है, इसका सब्जी बड़ा स्वादिष्ट होता है, गर्मियों के दिनों में सब्जियों के कमी के चलते इस फूटू को सुखाकर भी रखते हैं। क्षेत्र में इन दिनो जंगल से फुटू आने लगी है लेकिन इसकी किमत आसमान छु रहा है इसे काफी स्वादिष्ट और सेहत के लिए बेहतर बताया गया है विटामीन भरपूर पाया जाता है इसलिए लोग इसे चाव से खाते है अभी इसकी किमत बहूत ज्यादा है जैसे जैसे आवक बढ़ेगी इसकी रेट में गिरावट आयेगी। क्षेत्र के सिकासार मार्ग, भैसामुड़ा, टिमनपुर चौक, बोईरबेड़ा चौक, झरियाबाहारा सड़क किनारे इसकी बिक्री हो रही है। फुटू 200 रुपए जुरी और 1000 रुपए किलो तक बिक रहा है।

---

## आखिरी दिन चावल लेने वालों की भारी भीड़...



**नवापारा-राजिम।** शहर के राशन दुकानों में उपभोक्ताओं की भीड़ लगी हुई है। राशन वितरण का सोमवार को आखिरी दिन होने की वजह से यह भीड़ है। बताया जा रहा है कि राशन के लिए तारीख आगे बढ़ा दी गई है लेकिन कोई अधिकृत सूचना न होने की वजह से दुकानदार व उपभोक्ता संशय में है लिहाजा भीड़ का बढ़ना स्वाभाविक है। बता दें कि सर्वर डाउन, नेटवर्क न होने तथा मशीन के काम नहीं करने जैसे अनेको कारणों से परेशानियां सामने आ रही है। उपभोक्ता राशन कार्ड जमा करके जा रहे हैं। राशन दुकानदार ने बताया कि कोई ऐसी अधिकृत सूचना अब तक प्राप्त नही हुई है जिससे हम उपभोक्ताओं को कह सके कि राशन के लिए डेट आगे बढ़ गई है।

### लक्ष्मीपुर में पति-पत्नी से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** पति-पत्नी से मारपीट करने के मामले में बागबाहरा थाने में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया डिगेश्वरी सेन पति लखन सेन निवासी ग्राम लक्ष्मीपुर थाना बागबाहरा ने बताया कि लक्ष्मीपुर में उसके पति सेलून की दुकान और उससे लगा घर है। 18 जून को शाम करीब उसने आवाज सुनी तब बाहर निकल कर देखी तो ग्राम लक्ष्मीपुर निवासी आगेश्वर तांडी पिता जयराम तांडी शराब के नशे में उसके पति की दुकान में घुसकर मारपीट कर गाली गलौज कर रहा था। इसके बाद वह अपने पति को छुड़ाने गई, तब आरोपी आगेश्वर तांडी ने उसके साथ भी गाली गलौज कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

## विधिवत पूजा-अर्चना के साथ मनाया गया माता पहुंचनी पर्व





हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला

ग्राम रसेला में सोमवार को माता पहुंचनी का पर्व परंपरागत ढंग से मनाया गया। सुबह से ही मंदिर प्रांगण स्थिति शीतला माता मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। देर रात तक मंदिर में पूजा अर्चना का दौर चलता रहा। पर्व में लोग भारी संख्या में मंदिर प्रांगण में जुटते रहे। संध्या मांदर की थाप के साथ सेवारूपी जस गीत का आयोजन किया गया। मां शीतला को नीम की पत्ती, हल्दी, तेल आदि से स्नान कराकर पूजा अर्चना की गई तथा चना दाल का भोग प्रसाद चढ़ाया गया। लोगों ने माता शीतला से अपने परिवार सहित क्षेत्र की समृद्धि के लिए कामना की। वर्षा से चली आ रही परंपरानुसार मंदिर में श्रद्धालुओं पर मैय्या को अर्पण हल्दी पानी के घोल, नीम की पत्ती का छिड़काव किया गया। प्रसाद के रूप में लोग इसे अपने घर भी ले गए जिसे माता के प्रकोप से पीड़ित रहें बच्चों के साथ परिवार के सभी सदस्यों पर छिड़काव किया जाएगा। माना जाता है कि नीम के प्रभाव से रोग व कष्टों का निवारण होता है। विभिन्न बीमारियों से बचने के लिए ही हर वर्ष माता के मंदिर में पूजा अर्चना कर उससे बचने का आशीर्वाद मांगे जाते हैं, माता पहुंचानी का पर्व मुख्य रूप से ग्रामीणों के द्वारा गांव की सुख समृद्धि के लिए काम काज बंद कर धूमधाम से मनाया जाता है जिसके लिए माता शीतला के मंदिर में महिला और बच्चे थाली में हल्दी तेल, नीम की पत्तियां, चना दाल, नारियल के साथ ही दीप सजाकर एवं दाल चावल रखकर पहुंचे। वहीं मंदिर में चढ़ा हुआ प्रसाद के साथ हल्दी पानी घर लाकर लोगों ने अपने परिवारजनों में छिड़काव किया। मान्यता है कि इस पानी से शरीर ठंडा और स्वस्थ हो जाता है। मंदिर में घर से चढ़ावे की थाली ले जाकर वापस आशीर्वाद रूपी हल्दी पानी लाना माता के पास स्वयं उपस्थित देना माता पहुंचनी कहा जाता है। वहीं ग्राम रसेला में सोमवार को जुडवास पर्व परंपरागत बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सुबह से देर रात तक मंदिर में मांदर के धुन जस गीत से पुजा होती रही। माता की दर्शन करने महिलाएं और पुरूषों की लंबी कतारें लगी रहीं। इस बीच बैगा भागवत कोमर्रा, तमेशर मरकाम, ज्ञान सिग नागेश, टंकेश्वर कोमर्रा, बिसाहू, धनेश्वर ठाकुर, ग्राम पटेल लोकराम यादव, सरपंच रूपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, डी आर यादव, धनीराम यादव, बिगेद्र ठाकुर, देवलाल बारिक,नदूदास , संतराम नेताम, रामायण ठाकुर, केशव यादव, राकेश कोमर्रा, अशवत सेन, कैलाश यादव, खेम सिंह ताड़ी सहित सेवा समिति मंडल सदस्य का विशेष सहयोग रहा।

## पुलिस विभाग से सैय्यद इरफानुल की सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

गरियाबंद पुलिस विभाग में सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदस्थ सैय्यद इरफानूल हयात को आज गरियाबंद पुलिस परिवार की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। सेवानिवृत्ति के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में उन्हें शाल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर ससम्मान विदाई दी गई।

इस अवसर पर गरियाबंद के पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चंद्राकर, एसडीओपी निशा सिन्हा, उप पुलिस अधीक्षक गोपाल वैश्य सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सैय्यद इरफानूल हयात ने वर्ष 1991 में जिला रायपुर में आरक्षक के रूप में पुलिस विभाग में सेवा शुरू की। वर्ष 2009 में प्र. आरक्षक और फिर वर्ष 2021 में सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए। वर्ष 2024 से सेवानिवृत्ति तक वे गरियाबंद जिले की साइबर टीम में अपनी सेवाएं दे रहे थे। अपने समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदार छवि के लिए वे हमेशा सहकर्मियों के बीच आदर्श बने रहे।विदाई समारोह में उनके योगदानों को याद करते हुए गरियाबंद पुलिस परिवार ने उनके उत्तम स्वास्थ्य और सुखद भविष्य की कामना की।







### नपा अध्यक्ष व जनप्रतिनिधियों ने चलाया सफाई अभियान

**राजिम।** शहर के शासकीय दैवीय संपद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया। यहां खेल मैदान में उगे खरपतवार की सफाई की गई। जिसमें प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव,शाला विकास समिति के अध्यक्ष ईश्वर साहू, विधायक प्रतिनिधि लिकेश्वर साहू, उपाध्यक्ष भागवत साहू, सभापति द्वय कुलेश्वर साहू, भारत यादव, भाजयुमो जिला मंत्री आशीष पांडेय, पार्षद सुरेश पटेल व अजय पटेल, शाला विकास समिति के गुरूचरण सोनवानी, शिवकुमार साहू, लालजी साहू, घना निर्मलकर एवं लेखू शामिल थे।

## बेटियों ने हिमालय की ऊंची चोटी पर लहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पाण्डुका



जिले के छुरा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पोड़ के बेटियां ने हिमाचल की 14000 फीट ऊंची बर्फिली पहाड़ियों पर तिरंगा फहराकर लोगों के मिशाल कायम की। जिसको लेकर जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने अपने निज निवास अतमरा में बेटीयां कुमारी कोमिता साहू, खिलेश्वरी कश्यप और अम्बा तारक को इस दृढ़ संकल्प और राष्ट्रीय भावना तथा ऐतिहासिक सफलता के लिए साल और श्रीफल से सम्मानित कर इस साहसिक कार्य कि उज्जवल भविष्य कि शुभकामनाएं दी। तथा उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की दुर्गम चोटियों पर तिरंगा फहराकर प्रदेश और जिले का नाम रौशन किया है इस कठोर परिश्रम और आत्मविश्वास का प्रतित है जो इस साहसिक कार्य आज के युवाओं के लिए एक जीवंत प्रेरणा है तथा इन उपलब्धियों से समूचे प्रदेश और जिले के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने इस बेटियो को निरंतर आगे बढ़ते रहने कि बधाई और शुभकामनाएं दी।

---


**प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से हितग्राहियों को मुफ्त में मिल रही बिजली**

# सोलर पावर से बदली जिंदगी: बिजली बिल में हुई कमी से उपभोक्ता हो रहे खुशहाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

केन्द्र व राज्य शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ने न सिर्फ लोगों के बिजली बिल को कम किया है, बल्कि उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव भी लाया है। इस योजना के माध्यम से लोग न केवल ऊर्जा के खर्च से मुक्त हो रहे हैं अपितु पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। उपभोक्ताओं के हर माह खपत के आधार पर जो बिजली बिल आ रहे थे, वह प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना का लाभ उठाकर विगत माहों से बिजली बिल शून्य आ रहे हैं। कलेक्टर भगवान सिंह उइके द्वारा साप्ताहिक समय सीमा बैठक में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा की जाती है। कलेक्टर द्वारा सोलर कनेक्शन में अधिकाधिक प्रगति हेतु हरसंभव प्रयास करने तथा योजना के व्यापक प्रचार प्रसार निरंतर किये जाने हेतु विभाग को निर्देश प्रदान किये गये हैं। इसी तारतम्य में गरियाबंद जिले में अभी तक 18 नग सोलर कनेक्शन स्थापित किये जा चुके हैं। जिले के बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

**अनुदान मिलने से उपभोक्ताओं को हो रही आसानी**



पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा उक्त योजना के तहत 1 किलोवाट कनेक्शन के लिये 30 हजार रुपए, 2 किलोवाट कनेक्शन के लिए 60 हजार रुपए तथा 3 किलोवाट या अधिक पर 78 हजार रुपए सब्सिडी प्रदान की जा रही है। सब्सिडी की राशि उपभोक्ताओं के खाते में कुछ दिनों के भीतर प्राप्त हो जाती है। इसके अतिरिक्त वर्तमान में राज्य शासन द्वारा 1 से 2 किलोवाट में 15 हजार रुपए तक अतिरिक्त अनुदान तथा 3 किलोवाट तक 30 हजार रुपए तक अनुदान की राशि प्रदाय की जाएगी। सब्सिडी से सौर ऊर्जा अपनाने वाले उपभोक्ताओं को लागत में कमी आती है और किफायती दर में कनेक्शन प्रदान किये जाते हैं। केन्द्र शासन द्वारा सब्सिडी उपरांत अधिकांशतः शहरी क्षेत्रों में रुफटॉप सोलर संयंत्र का लाभ लिया जा रहा था।

गरियाबंद की निवासी सरला तारक का बिजली बिल पहले प्रतिमाह 4310 रुपए से 6430 रुपये तक आता था। इन्होंने जब से रुफ टॉप सोलर कनेक्शन लगवाया है उनका बिजली बिल शून्य हो गया है। माह मार्च से मई 2025 तक प्रतिमाह इनका बिजली बिल शून्य ही आ रहा है। इसी प्रकार श्रीमती उन्ती ठाकुर पति स्व. चैनसिंह ठाकुर, ग्राम आमदी का प्रतिमाह लगभग 3240 रुपये तक बिजली बिल आता था। इन्होने भी जब से रुफ टॉप सोलर कनेक्शन लगवाया है, इनका भी बिजली बिल शून्य हो गया है। माह मार्च से मई 2025 तक प्रतिमाह इनका बिजली बिल भी शून्य ही आ रहा है। इसी प्रकार राजेन्द्र सिंह परिहार के घर का बिजली बिल पहले 2500 से 3140 रूपये तक प्रतिमाह आता था।

---

**पेज 9 के शेष...**

### रायपुर-गरियाबंद...

यात्री गाड़ियां भी फंसी रही। कुछेक गाड़ियो में बीमार व्यक्ति भी सवार थे जिन्हें अस्पताल से घर जाने की छुट्टी हुई थी तो कुछेक गाड़ियों में मरीज अस्पताल आ रहे थे। बहरहाल अचानक इस तरह से बेरियर के बंद होने पर लोगो को परेशानियो का सामना करना पड़ा है। हालांकि अभी ट्रेन चलना शुरू नही हुआ है केवल ट्रायल का दौर चल रहा है जब ट्रेन चलना शुरू हो जाएगा तो आने-जाने के समय बेरियर डाऊन होने की जानकारी सार्वजनिक हो जाएगी। रेल्वे के प्रोजेक्ट मैनेजर विनय सिंह से मोबाईल में बात करने पर उन्होने बताया कि वे बिहार प्रवास पर है। बिलासपुर से सीईओ साहब निरीक्षण में पहुंचने वाले थे शायद वे ही आए है। इस संबंध में आगे और कुछ भी बताने में अपनी असमर्थता बताया।

### सिजेरियन सुविधा...

विपिन कुमार लहरे, डॉ. भूपेन्द्र कुर्रे, डॉ. अंकिता अग्रवाल, डॉ. अमन विश्वास, स्टाफ नर्स मनीषा ध्रुव, रजनी जैकब, अनिता साहू, कांति कंवर, मिथलेश ध्रुव, हेमा बघेल, प्रिया सिन्हा, रंजीता साहू, विधा टाण्डेकर, पर्यवेक्षक आशा पोद्दार ओटी टेक्नीशियन युगल किशोर साहू, चतुर्थ श्रेणी देवनारायण ध्रुव, कौशिल्या ध्रुव थे।

**स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करेगी-** खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीके हिरौंदिया ने बताया कि ओटी कक्ष के प्रारंभ से क्षेत्र की जनता को बड़ी राहत मिलेगी और यह स्वास्थ्य क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने विधायक श्री रोहित साहू का आभार भी व्यक्त किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गरियाबंद डॉ. यूएस नवरत्न तथा पूर्व सीएमएचओ डॉ. गार्गी यदु पाल ने भी समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को इस सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। यह पहल न केवल क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करेगी, बल्कि गरीब एवं ग्रामीण तबके को सुरक्षित मातृत्व का अवसर भी प्रदान करेगी। इस शुभारंभ अवसर पर पूर्व अध्यक्ष न.पं. जगदीश यादव फिंगेश्वर, चन्द्रशेखर साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य गरियाबंद, भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष राजू साहू, जीवन दीप समिति के सदस्य मोती निषाद, ओमप्रकाश साहू, सीमा ठाकुर,प्रेमलाल टोडर, संतोषी श्रीवास्तव, गजेश्वर सिन्हा, टिकेश साहू, गजेन्द्र निषाद, बीपीएम सौरभ विरमानी, बीईटीओ योगेश पराना, सहा0ग्रेड 02 उत्तम कुमार साहू, उदित कुमार ध्रुव, योगानंद चक्रधारी, अंजना साहू फार्माशिष्ट, खोमेश्वर साहू, लोकनाथ साहू, विजय चेलक, प्रकाश साहू, सपना डे, चंचल गोस्वामी एवं समस्त अस्पताल स्टॉफ उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### राजिम में आरक्षण केंद्र की बहाली के लिए सांसद को सौंपा गया ज्ञापन

**नवापारा-राजिम।** सोमवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के महाप्रबंधक और प्रदेश के सभी सांसदों के साथ प्रदेश में रेल विस्तार से जुड़ी समस्या व समाधान को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक में सभी सांसदों ने अपने क्षेत्र से जुड़ी रेल समस्या व उसके निदान के लिए बातें रखी और जल्द कार्यवाही के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश रेलवे महाप्रबंधक को दी। इस तारतम्य में नवापारा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष व रेल्वे बोर्ड सलाहकार समिति के सदस्य विजय गोयल ने निर्माणाधीन राजिम रेलयार्ड गुडशेड के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए पहले की भांति संचालित आरक्षण केंद्र को जल्द से जल्द पुनः प्रारम्भ करने की मांग को लेकर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा और उन्हें इसे अंचलवासियों के हित को ध्यान में रखते हुए जल्द खुलवाने की मांग की। कहा कि राजिम रेल यार्ड में निर्माण के दौरान आरक्षण केंद्र के काम को बंद कर दिया गया है। राजिम रेल यार्ड का काम जब भी पूर्ण होगा, इससे पहले आरक्षण केंद्र को खोला जाए ताकि लोगों को राजिम से ही रेलवे में यात्रा करने सम्बन्धी कार्य में सुविधा प्राप्त हो सके। इस मांग को लेकर उन्होंने सांसद रायपुर बृजमोहन अग्रवाल के माध्यम से रेलवे महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा और इसे जल्द पूरा करने की मांग की।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष ने सुनी मोदी के मन की बात



**फिंगेश्वर।** 29 जून रविवार को टीवी पर प्रधानमंत्री नरेंद मोदी जी के मन की बात का आयोजन हुआ जिसे सुनने एवं देखने के लिए वार्ड नंबर 11, बूथ नंबर 68 में भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजु हरित, आकांक्षा माण्डले, वेदिका माण्डले, चित्ररेखा लहरें, श्यामाबाई माण्डले, केकती माण्डले, विमला मार्कण्डेय, बृजबाई कुर्रे, भुनेश्वरी कोसरे, खोमेश्वरी माण्डले, जनक कोसरे उपस्थित थे। सभी लोगों ने मोदी जी के बातों को ध्यान से श्रवण किया। मोदी जी के बातों को प्रेरणादायक बताया।

### सरकड़ा स्कूल में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने सिखाए हाथ धुलाई के 6 स्टेप

**फिंगेश्वर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सरकड़ा में स्वास्थ्य विभाग से पहुंचे महिला एवं पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता एकता साहू एवं डोमन नायक के द्वारा बच्चों को हाथ धुलाई के 6 स्टेप बताए गए। इसके साथ उन्होने बताया कि हाथों मे गंदगी होने पर अनेक प्रकार की बीमारिया होती है।बीमारियों से बचने के लिए भोजन करने से पहले एवं शौच से आने के बाद बच्चों को प्रतिदिन साबुन, हैंड वॉश से हाथ धोना चाहिए। इसके साथ ही बरसात में होने वाली बीमारियों के बारे में बच्चों को जानकारी दी। सभी बच्चों ने बताये गये हाथ धुलाई के 6 स्टेप सीखे। इस अवसर पर शिक्षिका लता सोनी, शिक्षक संतोष साहू, शिक्षिका केसरी कुमारी, जयप्रकाश सिन्हा, भुवनेश्वरी निषाद, मितानिन वसुंधरा एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### शहर में खुलेआम नशीली दवाओं का कारोबार फल फूल रहा: विजय

**महासमुंद।** जिला कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री एवं पार्षद विजय साव ने कहा कि शहर में लंबे समय से खुलेआम नशीली दवाएं का कारोबार फल फूल रहा है। शहर में नशे के आदी लोगों में 25 वर्ष से कम आयु के युवाओं की संख्या सबसे ज्यादा है। युवा शारीरिक रूप से बीमार हो रहे है। वहीं अपराध की दुनिया में कदम रख रहे हैं। साव ने कहा कि अवैध रूप से नशे के कारोबार पर लगाम लगाने की बजाए उसको बढ़ावा देने का काम शासन प्रशासन द्वारा किया जा रहा है।

# राजस्व अधिकारी करें खनिज विभाग से समन्वय, अवैध खनन पर हो सख्त कार्रवाई : कलेक्टर

## कलेक्टर उइके ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर बीएस उइके ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अनुविभाग एवं तहसीलवार लंबित राजस्व प्रकरणों की जानकारी लेकर विशेष अभियान चलाकर प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व अधिकारियों से अविवादित नामांतरण, डायवर्सन, सीमांकन, भू-अर्जन, त्रुटि सुधार, वृक्ष कटाई, आरबीसी 6-4, आय, जाति प्रमाण पत्र सहित विभिन्न राजस्व प्रकरणों के निराकरण के स्थिति की जानकारी ली। साथ ही स्वामित्व योजना एवं एग्री स्टेक अंतर्गत किसानों के पंजीयन की भी जानकारी ली। साथ ही लंबे समय से दर्ज प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं सलाह भी दिये। कलेक्टर ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को खनिज एवं वन विभाग से समन्वय कर अपने क्षेत्रों में खनिज के अवैध खनन एवं परिवहन पर निगरानी रखकर लगातार कड़ी कार्यवाही करते रहने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अधिकारियों को सक्रियता से कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि अवैध खनन में सलंग्न चैन माउन्टेन आदि वाहनों का राजसात करने की भी प्रक्रिया को तेजी से पूर्ण करें। कलेक्टर ने एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों का शत प्रतिशत पंजीयन कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारी कृषि विभाग से समन्वय कर अभियान चलाकर किसानों का पंजीयन एग्रीस्टेक में करवाये। किसनों के पंजीयन होने से उन्हें आगामी सत्र में समर्थन मूल्य में धान बेचने में सहुलियत होगी। कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि एसडीएम एवं तहसीलदार-नायब तहसीलदार न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को अभियान चलाकर तेजी से निराकृत किया जाए। इस दौरान बैठक में अपर कलेक्टर अरविन्द पाण्डेय, श्री प्रकाश राजपूत, श्री नवीन भगत सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अन्य राजस्व अधिकारी मौजूद रहे।

- एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों का शत प्रतिशत कराएं पंजीयन



### समय-सीमा के भीतर ही सभी प्रकरणों को निराकृत हो

कलेक्टर श्री उइके ने बैठक में कहा कि सीमांकन के प्रकरणों के निराकरण के लिए आर.आई. एवं पटवारियों की टीम बनाकर गंभीरतापूर्वक कार्य करें। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों एवं मैदानी अमलों को गंभीरतापूर्वक कार्य करते हुए लंबित प्रकरणों को निराकृत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि लोगों की सहुलियत को ध्यान में रखते हुए प्रकरणों को अनावश्यक अधिक समय तक लंबित न रखा जाए। समय-सीमा के भीतर ही सभी प्रकरणों को निराकृत कर लिया जाए। कलेक्टर ने कहा कि प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। संबंधितों के खिलाफ शिकायत प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही भी की जायेगी। इस दौरान कलेक्टर ने बैठक में मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से प्राप्त आवेदनों, आर.बी.सी. 6-4 के तहत प्रकरणों की स्थिति एवं लंबित मुआवजा, अतिक्रमण, बेदखली पर कार्यवाही की स्थिति की समीक्षा की।

## मौसम : संचार और पेयजल की समस्या भी गहराई

# 24 घंटे से हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, बिजली व्यवस्था चरमराई





आंधी से जगह- जगह पेड़ धराशायी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

क्षेत्र में पिछले 24 घंटा से लगातार बारिश के चलते जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। आंधी और बारिश के कारण जंगल और सड़क किनारे दर्जनों बड़े–बड़े वृक्ष गिरकर धरासायी हो गए हैं। इससे बिजली के तार और पोल कई जगह टूट गए हैं। भारी बारिश के बावजूद बिजली विभाग के स्थानीय अधिकारी और कर्मचारी रात और दिन व्यवस्था के सुधारने में लगे हुए हैं। जंगल का क्षेत्र होने के कारण बिजली व्यवस्था बहाल करने में भारी परेशानी आ रही है। बिजली बंद हो जाने से संचार और पेयजल की भी समस्या जगह–जगह उत्पन्न हो रही है।



### एक दर्जन बिजली के खंभे और तार टूटे

लगातार बारिश और आंधी तूफान के कारण एक दर्जन से अधिक स्थानों पर बिजली के तार टूट गए हैं और खंभे उखड़ गए हैं। जिसके कारण बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। मैनपुर, कुल्हाड़ीघाट, फूलझर, धवलपुर, नवागढ़., इंदागांव के आसपास बिजली के तार टूटने के कारण बिजली व्यवस्था गड़बड़ाई है। बिजली विभाग के अधिकारी संजीव बंजारे ने हरिभूमि को बताया कई जगह बिजली की तार और खंभे टूटने के कारण व्यवस्था चरमराई है। लेकिन लगातार विभाग के कर्मचारी बिजली व्यवस्था दुरूस्त करने लगे हुए है।

**किसानों के चेहरे खिले-** ज्ञात हो कि मैनपुर क्षेत्र में कल रात से हो रही झमाझम बारिश से जहां किसानों के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं, वहीं दूसरी ओर लगातार बारिश के कारण लोगो को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अब क्षेत्र के नदी नालों में पानी की धार बहने लगी है। बारिश के कारण रेनकोर्ट, छाता के दुकानों में भारी भीड़ देखने को मिल रही है। किसान अब जल्द से जल्द खेती किसानी कार्य प्रारंभ करना चाह रहे हैं। गरज चमक के साथ अब मानसून जोर पकड़ लिया है। मौसम में ठंडकता देखने को मिल रही है। साथ ही ठंडी हवा से मौसम सुहाना हो चला है।



# जर्जर भवन में चल रही है पढ़ाई, बढ़ईपारा स्कूल बना खतरे का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा राजिम

विद्यालय जिसे विद्या व ज्ञान का मंदिर कहा जाता है। बच्चे यहां पढ़कर-लिखकर ज्ञान हासिल करते हैं। पढ़ लिखकर इंसान बनते हैं। कोई डॉ बनता है कोई कलेक्टर,कोई जज,कोई वकील ,कोई वैज्ञानिक,तो कोई व्यापारी ,कोई बड़ा ऑफिसर बनता है। अगर शिक्षा का मंदिर ही जीर्ण-शीर्ण हो, समस्याओं से ग्रसित हो, जहां अव्यवस्थाओं का आलम हो वहां पर अच्छी शिक्षा की कल्पना कै से की जा सकती है? शहर के हृदय स्थल व सबसे व्यस्ततम मार्ग सदर रोड में एक ऐसा ही बहुत ही पुराना स्कूल है बढ़ईपारा स्कूल। इस नए शिक्षा सत्र से वर्तमान में यहां पर तीन स्कूल संचालित हो रहे हैं। शासकीय प्राथमिक शाला, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक कन्या शाला के बच्चे अध्ययन कर रहे हैं। स्कूल की हालत काफी जर्जर अवस्था में है। फिर भी यहां पर कक्षाएं लगाई जा रही हैं। बच्चों की जान हमेशा जोखिम में रहती है।



स्कूल प्रबंधन यहां पर स्कूल लगाने के लिए मजबूर है। यहां पर कभी भी गंभीर दुर्घटना घट सकती है जिसकी चिंता ना तो शासन को है ना ही प्रशासन को। पिछले दिनों बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन बनाने वाले कमरे मे ऊपर का प्लास्टर भरभरा कर नीचे गिर गया। अगर वहां पर मध्यान्ह भोजन बनाने वाले रहते तो एक बड़ी अनहोनी घटना हो सकती थी। पर किसी भी प्रकार की जन हानि नहीं हुई।कुछ समय पहले वहां पर मध्यान्ह भोजन तैयार हो रहा था। नगर वासियों व पालकों ने मांग की है कि स्कूल को तोड़कर नया स्कूल भवन बनाया जाए।

# चरभट्ठी में मना शाला प्रवेश उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

शाला प्रवेश उत्सव एवं सम्मान समारोह चरभट्ठी में सोमवार को प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला चरभट्ठी में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन किया गया। जिसमें माध्यमिक शाला अध्यक्ष सीताराम साहू उपाध्यक्ष भरत लाल साहू, प्राथमिक शाला में अध्यक्ष नरेश साहू, उपाध्यक्ष राजेश साहू एवं पालक सदस्यगण का चुनाव किया गया। शाला प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। साथ में शाला परिवार की ओर से नवोदय में चयनित छात्र प्रेमेंद्र पिता परमेश्वर साहू तथा लिलेश पिता टीकमचंद साहू को प्रतीक चिन्ह अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सरपंच डॉ. राजेंद्र साहू पंच डोमन साहू, पालकगण गोवर्धन साहू, मन्नू साहू, हेमंत साहू, लोचन यादव गंगा बाई, लकेशवरी साहू, रेखा, तामेश्वर साहू तथा बड़ी संख्या में पालकगण के साथ संस्था के शिक्षक टुकेश्वर ध्रुव शिवराज साहू, अंजू गोयल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गणेशराम ध्रुव शिक्षक ने किया।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा के लिए 31 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन

**गरियाबंद।** जिले के किसान खरीफ मौसम में फसल बीमा के लिए 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते है। राज्य शासन द्वारा किसानों के फसल को प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, कीटव्याधि, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले के किसान मुख्य फसल धान सिंचित, असिंचित धान एवं अन्य फसल मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, कोदो, कुटकी एवं रागी का बीमा करा सकते हैं। मुख्य फसल में बीमा ईकाई ग्राम तथा अन्य फसल में बीमा ईकाई राजस्व निरीक्षक मंडल निर्धारित किया गया है। जिस किसान का अधिसूचित ग्राम में अधिसूचित फसल के लिए वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि ऋण स्वीकृत/नवीनीकृत हुआ है, उनका अनिवार्य रूप से बीमा किया जाएगा। इनके अलावा ऐच्छिक आधार पर अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी गैर ऋणी योजना में भाग लेंगे। खरीफ मौसम के लिए बीमा राषि निर्धारित किया गया है, कुल बीमित राषि का 2 प्रतिषत किसानों द्वारा प्रीमियम के रूप में देना होगा। धान सिंचित के लिए 60 हजार (प्रीमीयम राषि रू.1200 प्रति हे.), धान असिंचित हेतु 45 हजार (प्रीमीयम राषि रू.900 प्रति हे), मक्का हेतु 46 हजार (प्रीमीयम राषि रू.920 प्रति हे), कोदो हेतु 18 हजार (प्रिमीयम राषि रू.180 प्रति हे), कुटकी हेतु 19 हजार (प्रिमीयम राषि रू.190 प्रति हे ), रागी हेतु 17 हजार (प्रिमीयम राषि रू.170 प्रति हे), अरहर हेतु 42 हजार (प्रिमीयम राषि रू.840 प्रति हे), उड़द हेतु 25 हजार (प्रिमीयम राषि रू. 500 प्रति हे), मूंग हेतु 25 हजार (प्रिमीयम राषि रू. 500 प्रति हे), मूंगफली हेतु 47 हजार (प्रीमियम राशि रू. 940 प्रति हे) निर्धारित किया गया है। अऋणी किसान आवष्यक दस्तावेज आधार कार्ड, बैंक पासबुक, बी-1, पी-2 तथा फसल बुवाई प्रमाण पत्र के साथ अपने नजदीकी सीएससी सेंटर अथवा संबंधित बैंक में फसल बीमा करा सकते है। कृषि विभाग द्वारा जिले में प्रतिकूल मौसमी परिस्थिति को देखते हुए किसानों से फसल बीमा हेतु निर्धारित अंतिम तिथि 31 जुलाई के पूर्व अपने फसलों का बीमा अवष्य कराने की अपील की गई है। इसके लिए समिति, संबंधित बैंक, बीमा प्रदायक कम्पनी बजाज जनरल इंष्योरेंस कम्पनी लिमि, लोक सेवा केन्द्र, कृषि विभाग के मैदानी अमलों से संपर्क कर कृषकगण फसलों का बीमा करा सकते है।

# जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं कड़ी मेहनत ही है असली चाबी: लेखराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुडेरादादर में शाला प्रवेशोत्सव एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई समस्त अतिथियों और ग्रामीण जनों के द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। उन्हें पुस्तक वितरण करके मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया गया।लेखराज ध्रुवा सभापति कृषि स्थाई समिति जिला पंचायत गरियाबंद ने कहा कि हमें शिक्षक का सम्मान करते हुए अध्ययन करना चाहिए,जीवन में कुछ पाने के लिए कड़ी मेहनत करना पड़ता है।शासन के द्वारा दी जा रही मध्यान्ह भोजन, पुस्तक, गणवेश हमारे लिए उपहार है, इसका सम्मान और सदुपयोग करना चाहिए। शाला में सिर्फ पड़ाई लिखाई ही नहीं होती बल्कि संस्कार भी दिया जाता है, जिससे हम सब एक अच्छा इंसान बन सके, इसलिए खूब पढ़ -लिखकर कर आदर्श इंसान बने, एक श्रेष्ठ नागरिक बने, यही हम सब की आकांक्षाएं हैं।सरपंच तुलेश्वर ध्रुव ने कहा कि बच्चों को नियमित रुप से शाला आने के लिए प्रेरित किया।इस मौके पर प्रमुख रूप से रामलाल कुलदीप मंडल महामंत्री, लोकेश चंद्राकर मंडल उपाध्यक्ष, रोहित जगत अध्यक्ष सहकारी समिति कनसिंघी, तुलेश्वर ध्रुव सरपंच, बिमला नागेश जनपद सदस्य, नारायण ठाकुर पूर्व जनपद सदस्य, ग्राम पटेल घनश्याम साहू, कृष्णा साहू अध्यक्ष माध्यमिक शाला प्रबन्धन समिति, ओमप्रकाश दीवान अध्यक्ष प्राथमिक शाला प्रबधन समिति, भीखम साहू, सेवकराम साहू, खेलन अग्रवाल, किरण अग्रवाल, गोवर्धन यदु प्रधान पाठक एवं सभी शिक्षकगण, ग्रामवासी, पालक गण की उपस्थिति रही।



## वृहद स्तर पर लगाए जाएंगे पौधे, कलेक्टर ने तैयारी के दिए निर्देश

# जिले की 5 जगहों पर होगा ब्लॉक प्लान्टेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर बीएस उइके ने आज जिला अधिकारियों की बैठक में बड़े पैमाने पर पौधा रोपण करने के कार्ययोजना पर विशेष चर्चा की। उन्होंने सभी विकासखण्डों के एक-एक बड़े जगहों पर ब्लॉक प्लान्टेशन करने के निर्देश देते हुए आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम ने बताया कि जिले में पांच जगहों गोहेकला, जिडार, कौंदकेरा, रानीपरतेवा एवं गरियाबंद में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जायेगा। इसके लिए 5-10 एकड़ जगहों का चयन कर लिया गया है। इन जगहों पर अभियान चलाकर वृक्षारोपण किया जाएगा। कलेक्टर श्री उइके ने इन जगहों पर ब्लॉक प्लान्टेशन करने के लिए गड्ढा खुदाई, फेंसिंग एवं पौधों की उपलब्धता आदि तैयारियां तेजी से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने एसडीएम की अध्यक्षता में बनी समिति को आवश्यक कार्य योजना बनाकर स्थल निरीक्षण करने एवं समय पर सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिये। सीईओ मरकाम ने बताया कि गरियाबंद में 7 जुलाई, गोहेकला में 9 जुलाई, कौंदकेरा में 10 जुलाई, रानीपरतेवा में 11 जुलाई एवं जिडार में 12 जुलाई को वृक्षारोरण किया जाएगा। इस दौरान बैठक में अपर कलेक्टर श्री अरविंद पाण्डेय, श्री प्रकाश राजपूत, श्री नवीन भगत सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



**शत प्रतिशत पूर्ण कराएं ई-केवाईसी के कार्यों को-** बैठक में कलेक्टर श्री उइके ने खाद्य विभाग की समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत ई-केवाईसी के कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को स्कूलों में पुस्तक उपलब्धता, पुस्तक वितरण, गणवेश वितरण, साइकिल एवं बच्चों के आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र के बारे में जानकारी ली। उन्होंने छुटे हुए बच्चों के आय, जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए खाद-बीज भण्डारण एवं वितरण की भी जानकारी ली। उन्होंने सभी समितियों में आवश्यक मात्रा में खाद-बीज भण्डारित एवं वितरित करने के निर्देश दिये। साथ ही आपातकालीन स्थिति की पूर्व तैयारियों के लिए कम पानी की आवश्यकता वाले मोटे अनाज मुंग, मक्का, आदि बीजों का भी भण्डारण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

# सेवानिवृत्ति पर वनपाल मनराखन को दी विदाई



**मैनपुर।** वन परिक्षेत्र मैनपुर में वनपाल पद पर कार्यरत मनराखन लाल ग्वाले के सेवानिवृत्त होने पर सोमवार को वनविभाग द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर उनका सम्मान किया गया और उन्हे साल श्रीफल भेंट किया गया। सेवानिवृत्त हो रहे श्री ग्वाले ने कहा की मुझे इस क्षेत्र के लोगों से बहुत ज्यादा प्रेम मिला सभी का सहयोग रहा। उन्होने कहा की क्षेत्र के लोग मुझे अपने परिवार की तरह हमेशा सहयोग किए है। उन्होने कहा की क्षेत्र के लोगों के लिए वे सदा कार्य करेंगें। इस मौके पर वन विभाग के एसडीओ राजेन्द्र सोरी, वन परिक्षेत्र अधिकारी डीके सोनी, छबीलाल ध्रुव, धनेश सिन्हा, अघन सोरी, केशव बनछोर, नरेश नाग, एस आर साहू, अशोक ठाकुर एवं बड़ी संख्या में वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### धान, चावल, बाजरा से बनाई विधायक साहू की तस्वीर ब्रांड एम्बेसडर ने किया अनोखा प्रदर्शन

**नवापारा-राजिम।** प्रतिभाएं गरीबी एवं अभाव में ही जन्मलेती हैं। बुरे वक्त की आंधियां भी उन्हे उनके इरादे से डिगा नहीं सकती। नवापारा नगर के वार्ड क्रमांक 16 में एक ऐसी ही प्रतिभाशाली कलाकार निवासरत हैं सुश्री रानी निषाद। जो कि क्षेत्र व प्रदेश स्तर पर अनेक सम्मानों से नवाजी जा चुकी है। नगर पालिका की ब्रांड एम्बेसडर , गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्डधारी एवं नगर की इको फ्रेंडली आर्टिस्ट सुश्री रानी निषाद ने राजिम विधायक रोहित साहू की अनूठी पेंटिग बनाकर उन्हें राजिम स्थित उनके विधायक कार्यालय में जाकर अनुपम भेंट किया। बता दें कि रानी निषाद द्वारा बनाई गई यह कलाकृति धान, चांवल, बाजरा व अन्य अनाज से बनी है। रानी निषाद के द्वारा बनाए गए उक्त कलाकृति को देखकर विधायक रोहित साहू न केवल प्रसन्न हुए बल्कि उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ किसानों को मिले : तेजराम

**राजिम।** भारतीय किसान यूनियन के महासचिव तेजराम विद्रोही एवं गरियाबंद जिला संयोजक मदन



साहू ने खाद्य सचिव को पत्र सौंपकर छत्तीसगढ़ के किसानों को धान की बढ़ी हुई न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ प्रदान करने की मांग की है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि भारतीय किसान यूनियन और संयुक्त किसान मोर्चा दिल्ली के नेतृत्व में देशभर के किसान वर्षों से सभी फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी की कानूनी गारंटी की मांग करते आ रहे हैं। अब खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में केंद्र द्वारा 69 रुपये प्रति क्विंटल की और वृद्धि की गई है, जिससे धान का समर्थन मूल्य 3286 रुपये प्रति क्विंटल होना चाहिए।

### देवरी स्कूल में छात्रों ने किया पौधारोपण

**महासमंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में पौधरोपण किया गया। साथ ही एक पेड़ मां के नाम के पौधे एवं ईको गार्डन में पहले से लगे हुए पौधों की कटाई छंटाई कर खरपतवार को नष्ट कर अवांछित कचरे को जलाने का कार्य किया गया। इसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने कहा कि पौधा रोपण करने के बाद पौधों की नियमित देखभाल करना आवश्यक है। पौधरोपण का कार्यक्रम व्याख्याता परस राम सिन्हा ने ईको क्लब के सदस्यों के सहयोग करवाया। पौधारोपण में व्याख्यातागण नेशलाल धृतलहरे, नीलू सोनी, रविप्रकाश, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, भोजराम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान शिक्षक, पुष्कर भारती, उदेश्याम यादव, कार्यालयीन कर्मचारी हितेश साहू, कार्तिक राम यादव, भूमिका साहू, किरण सेन, मुदित यादव, नीलेश देवांगन आदि उपस्थित रहे।

---

**प्रवेश उत्सव : लोहरसी में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

# ज्ञान जीवन का आधार है, बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन दिशाहीन : गौरीशंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

सोमवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहरसी में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम रखा गया था। जहां मुख्य अतिथि के रूप मे युवाओं के प्रेणाश्रोत, जिला पंचायत अध्यक्ष गरियाबंद गौरीशंकर कश्यप जिसका भव्य स्वागत सत्कार हुआ बैंड बाजे और फटाके व जय श्रीराम के जयघोस से स्कूल परिसर गूंज उठा मंच में पहुंचने के बाद सर्वप्रथम सरस्वती वंदना के साथ विधिवत सरस्वती माता व भारत माता की छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया गया। इस दौरान बारिश ने अपना काम कर रहा था और हल्की बूंदा बांदी के बीच नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर पुस्तक ड्रेस भेंट किया जिससे बच्चों के चेहरे पर खुशी झलक उठी। मुख्य अतिथि ने कहा कि लोहरसी के सभी देवी- देवताओं का स्मरण करता हूं, निरंतर गांव कि विकास होती रहे, आगे कहा की शिक्षा ही जीवन का आधार है और बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन अर्थ हीन व दिशाहीन हो जाता है। एक सफल जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व होता है। शिक्षा जीवन का आधार होती है, और शिक्षा से ही मनुष्य अपने जीवन मे अग्रसर होता है, सही गलत में अंतर कर सकते हैं। अगर बच्चों को उच्च एवं संस्कारित शिक्षा दी जाए तो बच्चा आगे चल कर अपने परिवार के साथ साथ देश एवं राष्ट्र हित मे अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने आगे अटल जी के कर्तव्यों के बारे मे विस्तृत जानकारी देते हुए बच्चों को कहा कि अपने कर्तव्य के प्रति हमेशा तत्पर आगे बढ़ना चाहिए और उसे कार्य को अपना लक्ष्य बनाकर पूरा करना चाहिए।





#### शिक्षा के बिना विकास असंभव है

उन्होंने कहा कि शिक्षा के बल पर ही बच्चे आगे बढ़ सकते हैं और देश को विकास के रास्ते तक ले जा सकते है। इसलिए भारत सरकार युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में एनएसएस का पाठ जोड़ा गया है। छात्र अपने जीवन का विकास करें। आगे कहा कि एनएसएस में रहते हुए हम अनुशासन और समाज सेवा करना सीखते हैं। जीवन में सेवा से ही सर्वोच्च अधिकार मिलता है। जीवन में हमेशा अच्छे कार्य करते हुए राष्ट्र सेवा करनी चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना जैसे संगठन अनुशासन की भावना का विकास करती है। यह बात सोमवार को ग्राम लोहरसी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्कूल परिसर में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के दौरान कही। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि जिलापंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक ने कहा कि शिक्षा से बढ़कर कोई चीज नहीं जब तक शिक्षा नहीं होगी तब तक विकास नहीं होगा केवल पढ़ाई के विकास होना शिक्षा नहीं कहलाता है बल्कि इसके साथ-साथ राजनीतिक शारीरिक और मानसिक शिक्षा प्राप्त करना भी जीवन के लिए अति आवश्यक होता है सभी बच्चों से आग्रह करता हूं रोजाना नियमित और अनुशासन से स्कूल आए और अच्छे अंक प्राप्त करके अपने स्कूल व अपने माता-पिता के नाम को रौशन करें।

#### कार्यक्रम ये रहे शामिल

स्कूल मैदान में छायादार पौधा रोपण किया गया और सभी ने उसके संरक्षण और सनवर्धन करने संकल्प लिया। ग्रामीणों ने जिला पंचयात अध्यक्ष से गांव के विकास के लिए कुछ मांग भी किया जिस पर अध्यक्ष ने साथ मिलकर गांव के हर विकास को पूरा करने का बात कही। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष कोपरा गोपी ध्रुव शाला विकास समिति अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, सरपंच लोमश साहू लोहरसी, सरपंच तुलेश्वरी साहू भेंडरी, सरपंच लता ध्रुव सहसपुर, पूर्व जनपद सदस्य पोखन लाल साहू, बूथ अध्यक्ष दिलीप शर्मा उपसरपंच निलेश टंडन, प्रिंसपल कन्हैया लाल कंवर व्यखायता आरके अग्रवाल, व्यखायता गुप्ता सर, शिक्षक धनुर्वेद, शिक्षक बंजारे, सचिव ओमप्रकाश सिन्हा, समाजिक कार्यकर्ता रोशन साहू, मनीष साहू भाजयमों, सहित नवप्रवेशी बच्चे पालकगण व ग्रामीण मौजूद रहे।



#### मेहनत करें, सफलता निश्चित मिलेगी

गरियाबंद। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फुलकर्रा में शनिवार को शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें नवमी एवं ग्यारहवीं कक्षा में प्रवेश लेने वाले नव आगंतुक छात्र/छात्राओं को गुलाल लगाकर मुंह मीठा कर, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण कर शाला मे प्रवेश दिलाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में वहीं के छात्र रहे सोहन ध्रुव जो जनपद पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष के रुप मे आमंत्रित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये शाला के प्राचार्य ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है, सोहन ध्रुव जो हमारे शिष्य थे आज शिक्षित होकर बड़े राजनितिक पद पर आसिन्न हो गये ऐसा ही अवसर हम सबके जीवन मे आना है। अपने उद्देश्य को लेकर मेहनत करें निश्चित ही सफलता मिलेगी। सोहन ध्रुव ने कहा कि सफलता पाने के लिये लक्ष्य जरुरी है। और लक्ष्य हासिल करने के लिये कड़ी मेहनत जरुरी है। शिक्षा केवल नौकरी पाने के लिये नही जीवन जीने की कला सिखाती है। शिक्षा से ही हमारा भविष्य तय होता है। नवमीं से बारहवीं तक बेहतर परिणाम के सांथ अच्छे अंक लाकर शाला परिवार और ग्राम पंचायत फुलकर्रा को गौरवान्वित करने वाले छात्र छात्राओं को बधाई देते हुये सरपंच चुड़ामणी दीवान ने कहा कि शिक्षा के लिये पढ़ाई जरुरी है, बच्चों की मानसिक विकास शिक्षा से ही संभव है। शिक्षित होकर वे आगे की अपने भविष्य गढ़ने के लिये तैयार होते हैं। विशिष्ट अतिथि के रुप मे उपस्थित फिरतुराम कंवर एवं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष हरिराम देवांगन ने सभी नव प्रवेशी छात्र छात्राओं को बधाई देकर उनकी सुखद और उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये



शिक्षा के लिये निरंतर अध्ययन करते रहने के लिए प्रेरित किया। सचिव कीर्तन साहू ने कहा कि शाला परिवार की ओर से आयोजित मोटिवेशन कार्यक्रम के कारण इस वर्ष बेहतर परिणाम रहा है, शाला परिवार के सभी स्टाफ को बधाई और उन सभी छात्र छात्राओं को बहुत बधाई, जिन्होने अपने माता पिता की सपने को साकार कर रहे हैं। इस वर्ष कक्षा बारहवीं का शत प्रतिशत परिणाम रहा है, जिसके लिये जिला प्रशासन गरियाबंद द्वारा यहां के प्राचर्य गौतम बिझेकर को सम्मानित किया गया। जो कि शाला परिवार और ग्राम पंचायत फुलकर्रा के लिये बहुत ही गौरव का पल रहा है। आगामी सत्र मे सभी कक्षाओं का परिणाम शत प्रतिशत आये इसके लिये अभी से हम सब प्रयास करें। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से व्याख्याता दीपक चंद्रवंशी, लुकेश्वर प्रधान, हेमंत साहू, किशोर साहू, संजीव साहू, अजय पाल, काजल चंद्राकर, नेहा ठाकुर, कैलाश साहू, गिरधर गजभिए सहित नव प्रवेशी सभी छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

## अतरमरा में धूमधाम से मनाया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- प्रवेश उत्सव में हमर कोठी हमर बैंक राशि वितरण
- बच्चों के द्वारा जमा किए गुल्लक से निकले 3 हजार रुपए

शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी संकुल केंद्र अतरमरा में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज यादव-अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, संकुल प्राचार्य बी देवांगन, विनोद सिन्हा संकुल समन्वयक अतरमरा, प्रधान पाठक चित्ररेखा लोहेश, गुलाब यादव, त्रिलोक पटेल, तुलसराम साहू थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर सभी अतिथियों के द्वारा पूजा कर हुआ। तत्पश्चात सभी अतिथियों, पालकों, जनप्रतिनिधि बच्चों का गुलाल चंदन के साथ स्वागत वंदन किया गया। अतिथियों के द्वारा कक्षा पहली में प्रवेश नव प्रवेशी बच्चों का गुलाल चंदन लगाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। सभी नवप्रवेशी बच्चों को गणवेश, एवं अभ्यास पुस्तिका वितरण किया गया। सभी बच्चों के चेहरे खिले हुए मुस्कान साफ झलक रहा था। कार्यक्रम के दौरान संकुल प्राचार्य बी देवांगन ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि प्रवेश उत्सव का मुख्य उद्देश्य यही है कि बच्चे नई जगह पर आते हैं तो उसके मन में डर झिझक रहता है। सभी बच्चों को विद्यालय प्रवेश कर उनके मन की झिझक को दूर करते हैं। विद्यालय के माहौल में अपने आप को डालने हेतु बच्चों के अनुसार वातावरण दिया जाता है। सभी बच्चों को विद्यालय के मुख्य धारा से जोड़ने हेतु आप सभी का सहयोग बहुत आवश्यक है। हमारे विद्यालय में विभिन्न प्रकार के नवाचारी गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों के द्वारा पढ़ाया जाता है आप सभी घर में नियमित अभ्यास करवाये।कहा कि सभी पालको से निवेदन है कि अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजें किसी भी प्रकार की समस्या हो तो शिक्षकों पालक बैठक कर चर्चा करें। चर्चा कर हर समस्याओं का समाधान निकाला जा सकता है। बच्चे कल के भविष्य हैं आप सभी के शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार हेतु हम सब मिलकर प्रयास करेंगे।



#### हमार कोठी हमार बैंक राशि वितरण

संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा ने कहा कि प्राथमिक शाला खट्टी संकुल केंद्र अतरमरा के नवाचारी विद्यालयों में से एक है। यहां के शिक्षकों ने हमर कोठी हमर बैंक के नाम से नवाचारी प्रयोग करते हुए सभी बच्चों को गुल्लक में क्रमशः अपने इच्छा अनुसार राशि डालने के लिए प्रेषित किए हैं। जिसका परिणाम है कि गत वर्ष इस गुल्लक से बच्चों के द्वारा 3 हजार रु एकत्र किए हैं। यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। इसके लिए पूरे विद्यालय परिवार बधाई के पात्र हैं। इस प्रकार से और विभिन्न गतिविधियां होती रहेगी। संकुल प्राचार्य बी देवांगन संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मनोज यादव, प्रधान पाठक चित्रलेखा लोहेश, शिक्षिका नोहेश्वरी ध्रुव, पालकगण त्रिलोक पटेल, तुलस राम साहू, गुलाब यादव, गोविंद साहू, जयराम साहू, परमानंद साहू, कल्याणी, देवकी, पिंकी, ईश्वरी साहू, अहिल्या, जागेश्वरी, मोहनी, बुधियारीन, सरिता, सावित्री, रेखा, तुलसी, संस्था के स्वीपर लोमस पटेल उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था में पदस्थ शिक्षिका नोहेश्वरी ध्रुव ने किया।

## संगठित समाज विकास की धारा में अग्रसर : गंगू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम





माता कर्मा की पूजा आरती के साथ चंपारण-नवागांव परिक्षेत्र साहू समाज की बैठक में सामाजिक गतिविधि, एकजुटता एवं संगठन पर चर्चा की गई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष गंगू साहू ने कहा कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है समाज में रहकर सुख-दुख को आपस में बांटकर अपनी जीविका चलाता है। संगठित समाज विकास की धारा में अग्रसर होता है। अतः हमें समाज का सम्मान करते हुए मिलजुलकर रहना चाहिए। भागवत साहू ने कहा कि एकता में बड़ी ताकत होती है ऐसे मौके पर सामूहिक एकजुटता बहुत जरुरी है। समाज को संगठित कर आपसी भाईचारा एवं सदभावना जगाकर सुसभ्य एवं शिक्षित समाज का निर्माण किया जा सके। बैठक में प्रमुख रूप से परिक्षेत्र साहू समाज के रमा साहू, कृष्णा साहू, गैंदलाल साहू, पुरन साहू, भागवत साहू, रामकुमार हिरवानी, गुहाराम साहू, विजय साहू, पुनाराम साहू, रामकुमारी साहू, बिंदु साहू, विशाल साहू, बालमकुंद साहू, विनोद साहू, महेश साहू, बसंत साहू, डोमार साहू, हीरालाल साहू, दुलार साहू, बिसौहा साहू, श्यामलाल साहू, सेवाराम साहू सहित परिक्षेत्र साहू समाज के स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

## व्यापारी वर्ग के साथ अध्यक्ष की अहम बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर पंचायत में नगर के व्यापारियों के साथ अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह ने नगर विकास के लिए सुझाव शिकायत के लिए बैठक आहूत की गई। जिसमें नगर के व्यापारीगण शामिल हुए, अपने सुझाव रखते हुए सांस्कृतिक भवन के विस्तार, पार्किंग व्यवस्था, बस स्टेंड के व्यावसायिक परिसर को तोड़कर पुनः निर्माण कराने , वर्तमान शराब दुकान को व्यवस्थापन करने, चौक -चौराहे से मवेशियों को हटाने के लिए उचित व्यवस्था, नगर पंचायत भवन को नए बनाने के साथ अन्य कई मांगों एवं विषयों पर चर्चा हुई। नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि व्यापारी देश की अर्थ व्यवस्था की रीढ़ होते हैं, जनता के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध करा कर उनका सहयोग करते हैं। आप सभी ने अपना अमूल्य समय निकालकर बैठक में अपनी उपस्थिति प्रदान की एवं मूल्यवान सुझाव के लिए आप सभी का हृदय से धन्यवाद। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी लालसिंह मरकाम, सभापति रजनी, लहरे चित्ररेखा ध्रुव, गरिमा ध्रुव पार्षद सलीम मेमन, रमेश शर्मा, राकेश शर्मा, अशोक जैन, रमेशचंद जायसवाल, निखिल साहू, भवानी शंकर सेन, सौरभ सारडा, विनय गुप्ता, नरेंद्र पटेल, योगेश गायकवाड़, कैलाश सचदेव, दीनू कोठारी, इमरान मेमन, सोनू सचदेव, दुर्गेश साहू, गोपाल पारकर, नंद देवांगन, चित्रसेन देवांगन, राजेश थदानी, अशोक माधवानी, रजत कुकरेजा, गोपाल सोनी, कुमार साहू एवं नगर पंचायत के कर्मचारी गण उपस्थित थे।



#### विकास व समस्याओं पर हुई चर्चा

---

**सरकड़ा में प्रकृति पूजन, पौधा रोपण एवं पर्यावरण मित्र सम्मान समारोह हुआ**

# पर्यावरण संरक्षण एक दिन नहीं, जीवनभर की जिम्मेदारी : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम सरकड़ा में रविवार को पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से एक भव्य प्रकृति पूजन, फलदार वृक्षारोपण एवं पर्यावरण मित्रों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिला स्व-सहायता समूह, स्कूली छात्र-छात्राएं और पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे। इस समारोह के मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू रहे। साहू ने कहा की पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस का कार्य नहीं, यह सतत प्रयास और सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए पौधरोपण को जीवनशैली में शामिल करना होगा। विधायक श्रोहित साहू ने 15 लाख रुपए की टिना योजना, 5 लाख रुपए की सीसी रोड, जनसंपर्क राशि से 5-5 हजार रुपये प्रदान करने की घोषणा की। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गौरीशंकर कश्यप ने 10 लाख की विकास निधि देने की घोषणा की। जनपद सदस्य माधुरी ध्रुव ने 2 लाख की राशि का ऐलान किया। समारोह में विशिष्ट अतिथियों नारायण नामदेव प्रांत सह प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, इंद्राणी नेहरू साहू जनपद पंचायत अध्यक्ष मंजुलता हरित भाजपा मंडल अध्यक्ष, अमिता मनोज यदु सरपंच, ग्राम पंचायत सरकड़ा।





#### वरुण यज्ञ व पौधा रोपण

कार्यक्रम की शुरुआत वरुण यज्ञ, प्रकृति पूजन एवं पौधा रोपण से की गई, जिसमें सभी अतिथियों ने भाग लिया और सामूहिक रूप से पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया।

#### पर्यावरण मित्रों का सम्मान

पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय ग्रामवासियों को पर्यावरण मित्र के रूप में सम्मानित किया गया। यह पहल ग्रामीणों को प्रकृति से जोड़ने तथा जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई। समारोह में सरपंच प्रतिनिधि मनोज यदु, प्रदेश साहू संघ उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, ग्राम अध्यक्ष धीरज शर्मा, पूर्व सरपंचगण सेंदर रामाधार साहू, मोती निषाद, ओमप्रकाश साहू, टिकेश साहू, हाई स्कूल अध्यक्ष गजेन्द्र निषाद, वरिष्ठ पंच नीरज शर्मा तथा महिला स्व सहायता समूह की बहनों सहित सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे। यह रिपोर्ट हरिभूमि समाचार के ग्रामीण और सामाजिक विकास फोकस को ध्यान में रखकर तैयार की गई है।

